भारतीय गैर न्यायिक

भारत

बीस रुपये

Rs.20

रु.20

TW
RU



सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

झारखण्ड JHARKHAND

नियम 21 के अधीन ग्राह्य: भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की अनुसूची। संख्या........... के अधीन यथायत् स्टाम्प–शुल्क लगाया गया है। या स्टाम्प शुल्क स................विमुक्त है।

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अधिसूचना संख्या 499 एवं 500 दिनांक 19.06.17 के आलोक मे

U3AA 899296

निबंधन पदाधिकारी
बोकारो

मूल्यांकन जाँचा

## "केवाला दलिल"

<u>केवालादाताः–</u> **श्री सनातन मिश्रा पिता–स्व0 अनादी कुमार मिश्रा**, जाति–ब्राह्मण पेशा–नौकरी निवास स्थान–सेक्टर 3/ई, क्वाटर नं0 460, बी0एस0सिटी, जिला–बोकारो, झारखंड। (सी0एन0टी0 एक्ट की धारा 46 (1) बी के दायरे से बाहर हैं।) आधार संख्या–8280 2092 0188

<u>केवाला ग्रहिताः–</u> **श्रीमती गीता गुप्ता पति–डॉ लाल बाबु गुप्ता**, जाति–सोनार पेशा–गृहणी निवास स्थान वो पो0 एवं थाना–आमनौर, जिला–सारण बिहार। (भारतीय)। आधार संख्या–8079 4467 2984, PAN-BUTPG6726K

<u>लेख्यप्रकारः–</u> बिक्रय पत्र दस्तावेज (Absolute Sale Deed)

बिक्रय केवाला दस्तावेज का मूल्य **22,95,000/– (बाईस लाख पंचानब्बे हजार)** रुपये मात्र, मौजा ***"भवानीपुर उर्फ सोलागिडीह"*** के अन्दर रकवा **10.94 डि0 (दस दशमलव नौ चार डिसमिल)** जमीन मात्र। सलाना मालगुजारी 10 पैसा, वर्तमान मालिक जमीन्दार झारखंड सरकार अंचल कार्यालय चास।

खाता पंचास प्लाट के दिल

दस्तावेज में अंकित खाता/प्लॉट
अंचल से प्राप्त सूची से बाहर है।

Sanatan Mishra

**जमीन किस्मः–** **आवासीय** योग्य खाली जमीन है, जो **चास नगर निगम** के वार्ड नं0 – **06** में अवस्थित है। जिसका होल्डिंग नं0– 0170000844000M0

**तफशील सम्पत्तिः–** जिला बोकारो सब रजिस्ट्री ऑफिस बोकारो स्थान चास थाना चास के अन्तर्गत 52 नं0 थाना भुक्त मौजा ***"भवानीपुर उर्फ सोलागिडीह"*** के अन्दर मेरे प्रपितामह स्व0 शशि भूषण मिश्रा दिगर के नाम से खतियान भुक्त जो ग्राम्य पंच भद्रांन के समक्ष आपस में विभाग बंटन के द्वारा मेरा निजांश प्राप्त रैयती स्वत्व की सम्पत्ति होता है। जिसका खाता नं0 **50 (पचास)** शामिल प्लॉट नं0 **37 (सैंतीस)** माप 3 एकड़ 26 डि0 में से नक्शा एवं चौहद्दी मुताबिक रकवा **10.94 डि0 (दस दशमलव नौ चार डिसमिल)** जमीन मात्र आज आपके हाथ केवाला बिक्री किया एवं आज ही से दखल कब्जा दिया। जिसका चौहद्दीः–

| |
|---|
| उत्तर–रास्ता 14 फीट जिसमें ग्रहिता के तरफ से छोड़ा गया 6 फीट |
| दक्षिण–रास्ता 10 फीट |
| पूरब–रविन्द्र नाथ सिंह एवं राजा राम प्रसाद |
| पश्चिम–बिरेन्द्र केशरी |

इस दस्तावेज के साथ नत्थी किया हुआ नक्शा लाल रंग से रंगा हुआ "A" चिन्हित बिक्रीत जमीन दिखाया गया है। रजिस्ट्रर II का भोलुम नं0 23, पेज नं0 5340 में दर्ज है एवं मालगुजारी वसुल है, जिसका रसीद नं0 JH/22-A180146 सन् 2017–18 तक लगान देय है।

## दाता का वंशावली

शशि भूषण मिश्रा    योगेन्द्र मिश्रा    अविनाश मिश्रा    जितेन्द्र मिश्रा    सतीश मिश्रा

भूषण मिश्रा    मदन मिश्रा    मनोहर मिश्रा

अनादी कुमार मिश्रा

सनातन मिश्रा (दाता)

**चूँके** बिक्री केवाला दस्तावेज का विवरण है कि मेरे आवश्यक संसारिक खर्च तथा अन्य खर्च के वास्ते रूपये के विशेष आवश्यकता आ जाने पर तफशील प्रकाशित सम्पत्ति बिक्री करने का प्रस्ताव करने पर आप इसे खरीदने के लिए राजी हुए जो कि तफशील प्रकाशित सम्पत्ति जमीन कि समयोचित सर्वोच्य मूल्य **22,95,000/– (बाईस लाख पंचानब्बे हजार)** रूपये आज आपसे चेक एवं नगद द्वारा पाकर उक्त तफशील प्रकाशित सम्पत्ति इस केवाला दस्तावेज के द्वारा आपके हाथ बिक्री करते हुए मेरा तथा मेरे उत्तराधिकारीगण सदा के लिये सम्पूर्ण रूप से निःस्वत्व होकर इसका सब कुछ हक अधिकार दखल कब्जा यानी पूरा–पूरा मिलकियत आपके हाथ हस्तांतरण कर दिया।

आप आज तारीख से बिक्रीत तफशील प्रकाशित सम्पत्ति का सालाना मालगुजारी 10 पैसा, वर्तमान मालिक जमीन्दार झारखंड सरकार का प्रति वर्ष लागान वसुल देते हुए अपने नाम पर चेक दाखिला आदि लेकर उक्त तफशील प्रकाशित सम्पत्ति में आप अपने इच्छानुसार कच्चा पक्का मकान, कुँआ, बाग–बगीचा आदि तैयार कर, दान बिक्री हस्तांतरण आदि सर्व प्रकार के मालिक बन कर वंशानु क्रम पर परम सुख से विशेष प्रकार से भोग दखल करते रहेंगे इसमें मेरा या मेरे उत्तराधिकारीगण को कभी किसी को किसी प्रकार के दावी–दावा तथा उजर एतराज नही होगा, और न भविष्य में कर सकेगा अगर करें तो कानूनन वातिल एवं नाजायज समझा जायेगा।

प्रकाश रहे कि बिक्रीत तफशील प्रकाशित सम्पत्ति सम्पूर्ण रूप से निर्दाय तथा निर्विवाद अवस्था में है तथा इस पर किसी को किसी प्रकार का कच्चा पक्का एग्रीमेंट या बेनामी हस्तांतरण आदि या बैंक मोरगेज एवं किसी प्रकार का ऋण आदि नही है। फिर भी किसी प्रकार त्रूटि रहना प्रमाण आवे तो मेरा य़ा मेरे उत्तराधिकारीगण पूरा–पूरा क्षति पूर्ती का दायी होगें। तफशील प्रकाशित भूमि सरकारी भूमि, वन भूमि या सरकारी अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर है तथा बिक्रेता एवं क्रेता यह घोषणा करते है कि दस्तावेज में उनके द्वारा संलग्नित सभी तथ्य बिल्कुल सही है तथा जो कागजात का छाया प्रति संलग्न है बिल्कुल सही है, यदि किसी प्रकार का गलत साबित होता है तो सारी जिम्मेदारी पक्षगणों की होगी।


अतः मैं अपनी मन और शरीर की स्वस्थ्यता से मूल्य का कुल रुपये चेक एवं नगद ग्रहण कर यह बिक्रय केवाला दस्तावेज सम्पादन कर दिया। जो कि समय पर काम आवे तथा प्रमाण रहे। ईति अंग्रेजी सन 2018 ई0 दिनांक 19/05/2018।

**प्रारुपकर्ताः–(लेख्यकारी के कथानुसार)ः–** श्री सीताराम शर्मा, मो0 चास, दस्तावेज लेखक, क्रम संख्या 35 सन् 1996–97 बोकारो उपायुक्त के द्वारा अनुमोदित।

प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका छाया चित्र इस दस्तावेज में लगा है, के बाये हाथ के अंगूलियों के निशान मेरे सामने लिया गया है।

**प्रारुपकर्ता का हस्ताक्षरः–**

क्रेता का छायाचित्र हस्ताक्षर
व अंगूलियों के निशान :–



Gita Gupta

गवाहगण

1. Ajay Kr. Singh
S/o Sri Bhagwan Singh
Shiv Shakti Nagar
Chas Bokaro
2. Manoj Kumar
S/o S. P. Sharma
Shiv Shakti Nagar Chas
3. Dilip Ghoshal.
Lat Dhakharam Ghoshal.
4. PAPPU Poddar
पिता रमेश्वर पोद्दार
5. सत्येन्द्र सिंह
6. Rajesh Patel (7) Chandi Charan Chowdhury